# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026






Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में किस टाइगर रिजर्व के नीचे 4.9 किलोमीटर लंबी टनल बन रही है?**

(A) रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व

**(B) मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व**

(C) रणथंभौर टाइगर रिजर्व

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान के कोटा जिले में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के नीचे बन रही 4.9 किलोमीटर लंबी टनल देश की सबसे अनूठी सड़क परियोजनाओं में शामिल होने जा रही है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बन रही यह टनल इसलिए खास है क्योंकि इसके ऊपर टाइगर, पैंथर, भालू, हिरण और अन्य वन्यजीवों का प्राकृतिक आवागमन जारी रहेगा, जबकि नीचे 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर हाई स्पीड से वाहन दौड़ेंगे।

करीब 22 मीटर चौड़ी इस अत्याधुनिक टनल को आधुनिक तकनीक से तैयार किया जा रहा है

इसमें फायर सेफ्टी सिस्टम, हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मॉनिटरिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, आधुनिक एलईडी लाइटिंग, पानी की पाइपलाइन और डिजिटल कंट्रोल सिस्टम जैसी सुविधाएं होंगी।

## Yesterday Revision

प्रश्न 01. 'विकसित उड़ान' (Viksit UDAN) योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस शहर से किया?

उत्तर: जोधपुर (राजस्थान)

प्रश्न 02. सहकारिता के क्षेत्र में 5,279 नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के गठन में देश का कौन सा राज्य प्रथम स्थान पर है?

उत्तर: राजस्थान

प्रश्न 03. चीन के चेंगदू में आयोजित होने वाली बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले राजस्थान के तीन खिलाड़ी कौन हैं?

उत्तर: अंशुमान चौधरी, अन्वी राठौर और मनन शर्मा

प्रश्न 04. राजस्थान सरकार द्वारा खेलों के माध्यम से युवाओं के विकास के लिए शुरू की गई 'सुयोग' (SUYOG) योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किन जिलों में लागू किया जा रहा है?

उत्तर: जयपुर (बगरू विधानसभा क्षेत्र) और बारां

प्रश्न 05. राजस्थान के स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने लगभग ₹7 करोड़ की लागत से बने मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन कहाँ किया?

उत्तर: झालाना (जयपुर)

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राज्य सरकार ने राजस्थान हाईकोर्ट के परामर्श से जोधपुर में एक विशेष साइबर कोर्ट की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

(B) यह नया न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) स्तर का होगा।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- जोधपुर शहर में डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के लिए राजस्थान सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है।
- राज्य सरकार ने राजस्थान हाईकोर्ट के परामर्श से जोधपुर में एक विशेष साइबर कोर्ट की स्थापना को मंजूरी दे दी है।
- यह नया न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) स्तर का होगा।
- जोधपुर में इस विशेष कोर्ट के शुरू होने से अब स्थानीय पुलिस और साइबर सेल द्वारा पकड़े गए ऑनलाइन ठगों, डेटा हैकर्स और सोशल मीडिया अपराधियों के मामलों की सुनवाई तेजी से हो सकेगी। जिससे पीड़ित आम जनता को जल्द राहत मिल सकेंगी

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) जोधपुर की पारंपरिक एवं विश्व प्रसिद्ध मोजरी क्राफ्ट ऑफ जोधपुर को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) मिल गया है।

(2) यह राजस्थान का 24वाँ GI टैग है

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- जोधपुर की पारंपरिक एवं विश्व प्रसिद्ध मोजरी क्राफ्ट ऑफ जोधपुर को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) मिल गया है। यह टैग जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट के लिए बड़ी उपलब्धि है।
- केंद्र सरकार के जियोग्राफिकल इंडिकेशन रजिस्ट्री ने इस प्रमाण पत्र जारी कर दिया है।
- यह प्रमाण पत्र जोधपुर हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन तथा ग्राम विकास सेवा संस्थान को दिया गया हैं।
- जोधपुर का मोजरी उद्योग करीब 200 वर्ष पुराना है। वर्तमान में मोजरी एवं लेदर उत्पादों का घरेलू बाजार लगभग 100 करोड़ रुपए का है, जबकि करीब 10 करोड़ रुपए का निर्यात किया जा रहा है।
- यह राजस्थान का 24वाँ GI टैग है

03. उज्जैन में मंदिर बॉन्ड की शुरुआत के बाद अब देश में टूरिज्म बॉन्ड लाने की तैयारी कहां शुरू हो गई है?

(A) सालासर बालाजी

(B)श्रीनाथजी  नाथद्वारा

(C) मेंहदीपुर बालाजी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- उज्जैन में मंदिर बॉन्ड की शुरुआत के बाद अब देश में टूरिज्म बॉन्ड लाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसकी पहली शुरुआत राजस्थान के श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा से हो सकती है। इसके साथ ही पुष्कर को भी इस मॉडल में शामिल करने पर काम चल रहा है।
- सरकारी वित्तीय संस्था हुडको (आवास एवं शहरी विकास निगम लि.) राजस्थान सरकार के साथ मिलकर इन दोनों धार्मिक पर्यटन स्थलों के लिए योजना तैयार कर रही है।
- हुडको के चेयरमैन संजय कुल श्रेष्ठ के अनुसार, टूरिज्म बॉन्ड के जरिए पर्यटन, धार्मिक स्थलों, होटल, विरासत संरक्षण जैसी परियोजनाओं के लिए निवेश जुटाया जाएगा
- टेंपल बॉन्ड ऐसे डेट इंस्ट्रूमेंट होते हैं, जिनके जरिए सरकार, मंदिर ट्रस्ट या कोई अधिकृत संस्था विकास परियोजनाओं के लिए बाजार से पैसा जुटा सकती
- हुडको ने इसके लिए 'अर्बन इन्वेस्ट विंडो' शुरू की है। इसके तहत नगर निकायों को परियोजना तैयार करने, वित्तीय संरचना तय करने, बॉन्ड जारी करने और निवेशकों तक पहुंचने में मदद दी जाएगी

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए '100 आइकन्स ऑफ राजस्थान' नाम से नई पहल शुरू की जाएगी

(2) इनमें 55 वर्ष से कम आयु की 55 महिलाओं और 45 वर्ष से कम आयु के 45 पुरुषों को शामिल किया जाएगा.

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने राज्य के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए '100 आइकन्स ऑफ राजस्थान' नाम से नई पहल शुरू की है.
- इस योजना का उद्देश्य ऐसे प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को पहचान देना है, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज और प्रदेश के विकास में विशेष भूमिका निभाई है
- इस पहल के तहत राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 100 लोगों का चयन किया जाएगा. इनमें 55 वर्ष से कम आयु की 55 महिलाओं और 45 वर्ष से कम आयु के 45 पुरुषों को शामिल किया जाएगा.
- चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 जुलाई 2026 से शुरू हो चुकी है. चयनित 100 व्यक्तियों को 'द 100 आइकन्स कम्पेंडियम' में स्थान दिया जाएगा

05. राजस्थान से किसका चयन ब्रिक्स वीमन मिनिस्ट्रियल मीटिंग-2026 में ग्रासरूट लीडर के रूप में हुआ है?

(A) नीरू यादव

(B) रूमा देवी

(C) टीना डाबी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- झुंझुनूं की सरपंच और 'हॉकी वाली सरपंच' के नाम से पहचान बनाने वाली नीरू यादव का चयन ब्रिक्स वीमन मिनिस्ट्रियल मीटिंग-2026 में ग्रासरूट लीडर के रूप में हुआ था।
- कोच्चि में 8 जुलाई को नीरू ने राजस्थान के ग्रामीण विकास मॉडल, महिला नेतृत्व और सामाजिक नवाचारों के अनुभव साझा किए।
- ब्रिक्स महिला मंत्रिस्तरीय बैठक-2026 का आयोजन भारत की अध्यक्षता में 8 और 9 जुलाई 2026 को केरल के कोच्चि में किया गया था।
- इसका मुख्य उद्देश्य ब्रिक्स देशों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और महिला-नेतृत्व वाले विकास को गति देना था।
- राजस्थान के झुंझुनू जिले की ग्राम पंचायत लांबी अहीर की सरपंच नीरू यादव को 'हॉकी वाली सरपंच' नाम इसीलिए मिला, क्योंकि उन्होंने गांव की बेटियों को हॉकी के मैदान तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया.

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-140

1. **'वीबी** जी राम जी योजना' का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किस स्थान से किया गया?
(A) जयपुर, राजस्थान
(B) वाराणसी, उत्तर प्रदेश
(C) तिरुपति, आंध्र प्रदेश
(D) भोपाल, मध्य प्रदेश

2. **उत्तर-पश्चिम** राजस्थान की रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में किन दो रेल खंडों की 'रेल दोहरीकरण' परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया गया?
(A) चूरू-सादुलपुर और चूरू-रतनगढ़
(B) बीकानेर-सूरतगढ़ और हनुमानगढ़-सादुलपुर
(C) जयपुर-सीकर और सीकर-झुंझुनूं
(D) जोधपुर-मेड़ता और मेड़ता-डेगाना

3. **एचपीसीएल** राजस्थान रिफाइनरी' का 'नेल्सन कॉम्प्लेक्सिटी इंडेक्स' कितना है, जो इसे तकनीकी रूप से विश्व की टॉप 25% रिफाइनरीज में शामिल करता है?
(A) 11.5 (B) 14.2
(C) 17.0 (D) 19.5

4. **राजस्थान** के किस जिले में 'सहकार वन' विकसित करने के लिए 6 जुलाई, 2026 को ई-भूमि पूजन किया गया?
(A) जोधपुर (B) जयपुर
(C) बीकानेर (D) बालोतरा

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत हनुमानगढ़ जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) लकड़ी के हस्तशिल्प उत्पाद
(B) सरसों तेल
(C) बीकानेरी नमकीन
(D) कृषि आधारित उत्पाद

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन कहां किया?**

(A) झालाना (जयपुर)

(B) नाथद्वारा (उदयपुर)

(C) सिवाना (जोधपुर)

(D) इनमें से कोई नही

Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine